# नगर निगम जल्द करेगा सम्पूर्ण शहर में रोड़ मार्किंग

रतलाम। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गत दिवस सम्पन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरूषोतम द्वारा नगर निगम को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण शहर में

## ▸ कलेक्टर ने नगर निगम को दिए निर्देश

रोड मार्किंग की जाए इसके पश्चात दकुनदारो को तीन दिवस की चेतावनी दी जावेगी समय सीमा पश्चात रोड मार्किंग से बाहर वाहन पाये जाने पर चालानी कार्यवाही एवं वाहन जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में रतलाम शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गों के निर्धारण, बस, ऑटो, मेजिक स्टैंड निर्धारण, सिग्नल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं रोड मार्किंग पर चर्चा की गई। बताया गया कि सम्पूर्ण शहर में सब्जी एवं फल की दुकानो को एक निश्चित स्थान पर शिफ्ट करने हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है, जिसके तहत त्रिपोलिया गेट, चाढ़ँनी चौक, चौमखीपुल, घास बाजार व माणकचौक क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की दुकानों को त्रिवेणी मैला ग्राउन्ड में स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। इसी प्रकार तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पिपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड, बाजना बस स्टेण्ड क्षेत्रों की सब्जियों की दुकानों को बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमत् सागर तालाब की पाल किनारे स्थानांतरित करने, टीआईटी रोड, रोटरी क्लब के पास, कांवेन्ट तिराहा से फव्वारा चोक तक, डाट की पुलिया, पेलैस रोड क्षेत्र की सब्जी दुकानों को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानांतरित करने, राम मंदिर चौराहा, कस्तुरबा नगर, गुजरात स्वीट्स वाली रोड एवं सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगी हुई सब्जी दुकाने बाल सम्प्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेडी एवं जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने जवाहर नगर बी कोलोनी रोड के सामने वाले मैदान मे स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। सैलाना बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मंडी के भवन का एक हिस्सा जो सुलभ काम्पलेक्स के पीछे व पोस्ट आफीस से लगा हुआ है उक्त जर्जर हो चुके हिस्से को दो या तीन मंजिला रिटेल सब्जी मडी में परिवर्तित करने पर भी बैठक में विचार किया गया। बैठक में बताया गया कि शहर में यातायात के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गों की योजना बनाई गई है।

## यह थे मौजूद

बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ जमुना भिडे, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण अनुराग सिंह, सीएसपी हेमंत चौहान, जिला परिवहन अधिकारी दीपक मांझी, व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

रतलाम/रत

नवभारत २२/११/२१

# नगर निगम सम्पूर्ण शहर में रोड़ मार्किंग करेगा

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

प्रसारण न्यूज • रतलाम



जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गत दिवस सम्पन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम द्वारा नगर निगम को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण शहर में रोड मार्किंग की जाए इसके पश्चात दुकानदारों को तीन दिवस की चेतावनी दी जावेगी समय सीमा पश्चात रोड मार्किंग से बाहर वाहन पाये जाने पर चालानी कार्यवाही एवं वाहन जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण अनुराग सिंह, सीएसपी हेमंत चौहान, जिला परिवहन अधिकारी दीपक मांझी, व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में रतलाम शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गों के निर्धारण, बस, ऑटो, मेजिक स्टैंड निर्धारण, सिग्नल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं रोड मार्किंग पर चर्चा की गई।

बताया गया कि सम्पूर्ण शहर में सब्जी एवं फल की दुकानो को एक निश्चित स्थान पर शिफ्ट करने हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है, जिसके तहत त्रिपोलिया गेट, चांदनी चौक, चौमखीपुल, घास बाजार व माणकचौक क्षैत्र में लगी हुई सब्जियों की दुकानों को त्रिवैणी मेला ग्राउन्ड में स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। इसी प्रकार तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पिपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड, बाजना बस स्टेण्ड क्षैत्रों की सब्जियों की दुकानों को बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमृत सागर तालाब की पाल किनारे स्थानांतरित करने, टीआईटी रेड, रोटरी क्लब के पास, कांवेन्ट तिराहा से फव्वारा चोक तक, डाट की पुलिया, पेलैस रोड क्षैत्र की सब्जी दुकानों को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानातंरित करने, राम मंदिर चौराहा, कस्तुरबा नगर, गुजरात स्वीट्स वाली रोड एवं सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगी हुई सब्जी दुकाने बाल सम्प्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेडी एवं जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने जवाहर नगर बी कोलोनी रोड के सामने वाले मैदान मे स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। सैलाना बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मंडी के भवन का एक हिस्सा जो सुलभ काम्पलेक्स के पीछे व पोस्ट आफीस से लगा हुआ है उक्त जर्जर हो चुके हिस्से को दो या तीन मंजिला रिटेल सब्जी मंडी में परिवर्तित करने पर भी बैठक में विचार किया गया। बैठक में बताया गया कि शहर में यातायात के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गों की योजना बनाई गई है। इसी प्रकार एकांकी मार्ग क्रमांक 2 पर भी सभी प्रकार के चार पहिया-वाहनों का प्रवेश चौमुखी पुल से गणेश देवरी की ओर रहेगा जो कि रानी जी के मंदिर की ओर जा सकेंगे। लेकिन सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। एकांगी मार्ग क्रमांक 3 के तहत सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी बाजार से घास बाजार की ओर रहेगा। ये सभी वाहन घास बाजार की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

प्रसारण 22/11/21

# स्वच्छ सर्वेक्षण में 42वीं रैंक बनने पर सफाई संरक्षकों का सम्मान, नहीं आए निगम आयुक्त, फायर ब्रिगेड कैंपस में हुआ कार्यक्रम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शनिवार को जारी स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजों में देश में 42वीं रैंक और प्रेरक दौड़ सम्मान में गोल्ड अवार्ड मिलने पर रविवार को नगर निगम परिसर में सफाई संरक्षकों को सम्मानित किया है। आयुक्त सोमनाथ झारिया कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

उपायुक्त विकास सोलंकी ने कर्मचारियों को सम्मानित कर हौसला अफजाई की। 2022 के स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को देश में नंबर वन बनाने के लिए प्रयास करने का संकल्प दिलाया। फायर ब्रिगेड कैंपस में हुए कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के दरोगा, सफाई संरक्षक, ड्राइवर, हेल्पर्स, प्रत्येक वार्ड के एक-एक उत्कृष्ट सफाई मित्र और जोनल प्रभारियों को सम्मानित किया। बताया जा रहा है कि किसी जरूरी काम के चलते आयुक्त कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, कर्मचारी नेता राम कल्याणे, कमल भाटी, कार्यालय अधीक्षक रामचंद्र शर्मा, निज सहायक सुभाष गोयल आदि मौजूद रहे।



सफाई कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते उपायुक्त सोलंकी व अन्य अधिकारी। भास्कर

## अस्वच्छता के खिलाफ फौज की तरह काम कर रहे हैं नगर निगम कर्मचारी

कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य अमले को हौसला बढ़ाते हुए उपायुक्त विकास सोलंकी ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ्य बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला फौज की तरह काम कर रहे हैं। इसी मेहनत का फल है कि हम नगर निगम को देश में 42वीं रैंक मिली है। बता दें कि शनिवार को जारी परिणामों में एक से दस लाख तक की आबादी वाले 372 शहरों में रतलाम को 42वीं रैंक मिली है। वहीं प्रेरक दौड़ सम्मान में गोल्ड अवॉर्ड मिला है, वहीं गार्बेज फ्री सिटी में जीरो रेटिंग मिली है।

दै. भास्कर 22/11/21

स्वास्थ्य जगत से **अच्छी खबर**

# जिले में अब डेंगू और वायरल का प्रकोप हो रहा कम, सरकारी अस्पताल की ओपीडी दो माह से 50 हजार थी, इस माह 26 हजार

### एक युवक की मौत डेंगू के बाद होने वाली परेशानियों के कारण हुई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी राहत मिलना शुरू हो गई है। जिले में डेंगू और वायरल का प्रकोप कम हो रहा है। सीधा असर अस्पताल में रजिस्टर्ड होने वाले मरीजों पर हुआ है। इस महीने 26 हजार मरीज रजिस्टर्ड हुए हैं, जबकि दो महीने से आंकड़ा 50 हजार के पार जा रहा है। इधर, अब मेडिकल कॉलेज के बेड धीरे-धीरे खाली होने लगे हैं।

जिले में इस साल डेंगू और वायरल ने हजारों लोगों को परेशान किया है, लेकिन डेंगू का कहर कम हो गया है।

सरकारी अस्पताल में मरीज कम है, वहीं मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कम हो गई है। सितंबर में 55,586 मरीजों की ओपीडी थी, अक्टूबर में 50,893 मरीज रजिस्टर्ड हुए थे, लेकिन इस महीने 26,095 मरीज रजिस्टर्ड हुए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक मरीजों की संख्या कम हो रही है। 20 नवंबर को 1099 और 19 नवंबर को 915 मरीज पहुंचे, जबकि यह आंकड़ा नवंबर के शुरुआती दिनों में 2 हजार से ज्यादा था।

## नवंबर में एक भी केस नहीं, मेडिकल कॉलेज में खाली होने लगे बेड, प्लेटलेट्स की मांग धीरे-धीरे कम हो रही, अधिकारियों का कहना : ये ठंड का असर



यह तस्वीर मेडिकल कॉलेज की पहली मंजिल पर बने डेंगू वार्ड की है, यहां बेड खाली होने लगे हैं।

### तीन महीने से लगातार बढ़ रहे हैं मरीज

| महीना | मरीज | महीना | मरीज |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 23,184 | जुलाई | 27,516 |
| फरवरी | 24,157 | अगस्त | 43,667 |
| मार्च | 28,177 | सितंबर | 55,586 |
| अप्रैल | 17,717 | अक्टूबर | 50,893 |
| मई | 14,916 | नवंबर | 26,095 |
| जून | 20,919 | | |

### इस माह एलाइजा से कोई केस नहीं

*यह भी सीजनल डिसीज के तौर पर होता है। ठंड का सीधा असर हुआ है। तापमान कम होने के साथ ही केस भी कम हो गए। ऐसा इसलिए क्योंकि लार्वा ठंड में नहीं पनप पाता है। एलाइजा से नवंबर में एक भी केस नहीं मिला है।*

**डॉ. प्रमोद प्रजापति,** मलेरिया अधिकारी, रतलाम

### कार्ड टेस्ट से पॉजिटिव 11 लोग दम तोड़ चुके

इधर, डेंगू का कम होना बड़ी राहत है क्योंकि कार्ड टेस्ट से पॉजिटिव आने वाले अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी हैं। इनमें 4 बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा एक युवक की मौत डेंगू के बाद होने वाली परेशानियों के कारण हुई हैं। भास्कर

### इस साल सर्वाधिक 412 मरीज

जिले में इस साल सर्वाधिक 412 मरीज सामने आए हैं, ये वह है जोकि एलाइजा से पॉजिटिव आए। कार्ड टेस्ट से पॉजिटिव आने वालों की संख्या 1 हजार से ज्यादा है। वहीं, अब राहत ये है कि एलाइजा से नवंबर महीने में एक भी पॉजिटिव नहीं आया है। कार्ड टेस्ट से इक्का-दुक्का पॉजिटिव आने का सिलसिला जारी है।

दै. भास्कर 22/11/21

# नगर निगम सम्पूर्ण शहर में रोड़ मार्किंग करेगा-कलेक्टर

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गत दिवस सम्पन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरूषोतम द्वारा नगर निगम को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण शहर में रोड मार्किंग की जाए इसके पश्चात दुकानदारों को तीन दिवस की चेतावनी दी जावेंगी समय सीमा पश्चात रोड मार्किंग से बाहर वाहन पाये जाने पर चालानी कार्यवाही एवं वाहन जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण अनुराग सिंह, सीएसपी हेमंत चौहान, जिला परिवहन अधिकारी दीपक मांझी, व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में रतलाम शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गों के निर्धारण, बस, ऑटो, मेजिक स्टैंड निर्धारण, सिग्नल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं रोड मार्किंग पर चर्चा की गई।

बताया गया कि सम्पूर्ण शहर में सब्जी एवं फल की दुकानो को एक निश्चित स्थान पर शिफ्ट करने हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है, जिसके तहत त्रिपोलिया गेट, चांदनी चौक, चौमखीपुल, घास बाजार व माणकचौक क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की दुकानों को त्रिवैणी मेला ग्राउन्ड में स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। इसी प्रकार तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पिपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड, बाजना बस स्टेण्ड क्षेत्रों की सब्जियों की दुकानों को बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमृत सागर तालाब की पाल किनारे स्थानांतरित करने, टीआईटी रोड, रोटरी क्लब के पास, कांविन्ट तिराहा से फव्वारा चौक तक, डाट की पुलिया, पेलैस रोड क्षेत्र की सब्जी दुकानों को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानातंरित करने, राम मंदिर चौराहा, कस्तुरबा नगर, गुजरात स्वीट्स वाली रोड एवं सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगी हुई सब्जी दुकाने बाल सम्प्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेडी एवं जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने जवाहर नगर बी कोलोनी रोड के सामने वाले मैदान मे स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। सैलाना बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मंडी के भवन का एक हिस्सा जो सुलभ काम्पलेक्स के पीछे व पोस्ट आफीस से लगा हुआ है उक्त जर्जर हो चुके हिस्से को दो या तीन मंजिला रिटेल सब्जी मडी में परिवर्तित करने पर भी बैठक में विचार किया गया।

बैठक में बताया गया कि शहर में यातायात के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गों की योजना बनाई गई है। जिसके अंतर्गत एकांगी मार्ग क्रमांक 1 पर सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी की ओर रहेगा। सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

इसी प्रकार एकांकी मार्ग क्रमांक 2 पर भी सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों की प्रवेश चौमुखी पुल से गणेश देवरी की और रहेगा जो कि रानी जी के मंदिर की ओर जा सकेंगी। लेकिन सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। एकांगी मांर्ग क्रमांक 3 के तहत सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी बाजार से घास बाजार की ओर रहेगा। ये सभी वाहन घास बाजार की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। एकांगी मार्ग क्रमांक 5 के तहत सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश लोकेन्द्र टॉकीज से सैलाना बस स्टैंड की ओर रहेगा। ये सभी वाहन सैलाना बस स्टैंड की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे साथ ही सभी चार पहिया वाहन जो सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज आना चाहते हैं उन्हें शहीद चौक तक अपने वाहन को ले जाकर डिवाइडर क्रॉस करके ही आने की अनुमति होगी।

बताया गया कि सब्जी की दुकानों तथा एकांगी मार्गों संबंधी योजना के क्रियान्वयन के पूर्व 7 दिवस का ट्रायल पीरियड रखा जाएगा। इसके बाद प्लान पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। शहर में दुकानों के सामने मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सचेत करने हेतु सभी व्यापारी संगठनों के अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे दुकानदारों को समझाईश दे जिससे कि यातायात अवरुद्ध नहीं हो।

इसी प्रकार शहर में आने वाले समस्त भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी। समस्त व्यापारी संगठनों तथा आमजन से शहर में यातायात तथा पार्किंग व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु सुझाव आमंत्रित भी किए गए। प्राप्त व्यावहारिक सुझावों पर अमल किया जाएगा। यदि आमजन कोई भी सुझाव देना चाहे या समस्या बताना चाहे तो शहर यातायात प्रभारी के व्हाट्सएप नंबर-7049127318 तथा यातायात डीएसपी के व्हाट्सएप नंबर-7049127295 पर दे सकते है।

अवन्तिका २२/११/२१

अवन्तिका

स्वच्छता के बजाए रंगोली, चित्रकला स्पर्धा और साहित्यिक गतिविधि का उल्लेख

# निगम ने किया सफाई संरक्षकों का सम्मान लेकिन प्रमाण पत्र में स्वच्छता का नहीं उल्लेख

रतलाम . स्वच्छता के मामले में देश और प्रदेश में अपने आप को बेहतर बताने वाले रतलाम नगर निगम ने रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें रतलाम शहर को आने वाले वर्ष में देश में नबर-1 बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात भी कही लेकिन जिन सफाई कर्मियों के नाम पर निगम के अधिकारी वाहवाही लूट रहे है, उन्हे प्रमाण पत्र किसी ओर काम के दिए गए। इस बात को लेकर कुछ सफाई कर्मियों में नाराजगी भी है।

कार्यक्रम में शामिल स्वच्छता संरक्षकों का सम्मान निगम ने सम्मान तो किया लेकिन उन्हें दिए जा रहे प्रमाण पत्र में स्वच्छता के बजाए रंगोली, चित्रकला स्पर्धा, भाषण और साहित्यिक गतिविधि का उल्लेख किया गया था। इस बात को लेकर कुछ लोगों में नाराजगी भी है। स्वच्छता संरक्षकों की माने तो उन्हें उनके बेहतर कार्य के लिए दिए गए



प्रमाण पत्र में स्वच्छता का उल्लेख होना था जो कि नहीं किया गया।

## दौड़ में गोल्ड हासिल किया

कार्यक्रम में मौजूद नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नगर निगम रतलाम ने प्रेरक दौड़ में गोल्ड हासिल किया। स्वच्छता में नगर निगम रतलाम ने राष्ट्रीय स्तर पर 1 से 10 लाख व उससे अधिक आबादी वाले षहरों में 42 वां व प्रदेश में 10 वां स्थान प्राप्त किया। इसके लिए नगर-निगम के स्वास्थ्य विभाग एवं पूरी टीम बधाई की पात्र है। पत्रिका

## इनका किया सम्मान

ननि परिसर में रविवार को वर्ष 2021 में मिली उपलब्धि पर फायर ब्रिगेड में स्वास्थ्य विभाग के दरोगा, सफाई संरक्षक, ड्राइवर्स, हेल्पर्स, प्रत्येक वार्ड से 1-1 उत्कृष्ट सफाई मित्र, सभी जोनल प्रभारी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

**यह रहे मौजूद :** कार्यक्रम में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान व कर्मचारी नेता राम कल्याणे, कमल भाटी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका २२/११/२१

# नगर निगम सम्पूर्ण शहर में रोड़ मार्किंग करेगा

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

रतलाम । जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गत दिवस सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोतम द्वारा नगर निगम को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण शहर में रोड मार्किंग की जाए इसके पश्चात दकुनदारो को तीन दिवस की चेतावनी दी जावेंगी समय सीमा पश्चात रोड मार्किंग से बाहर वाहन पाये जाने पर चालानी कार्यवाही एवं वाहन जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम शहर श्री अभिषेक गहलोत, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण श्री अनुराग सिंह, सीएसपी श्री हेमंत चौहान, जिला परिवहन अधिकारी श्री दीपक मांझी, व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में रतलाम शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गों के निर्धारण, बस, ऑटो, मेजिक स्टैंड निर्धारण, सिग्नल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं रोड मार्किंग पर चर्चा की गई।

बताया गया कि सम्पूर्ण शहर में सब्जी एवं फल की दुकानो को एक निश्चित स्थान पर शिफ्ट करने हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है, जिसके तहत त्रिपोलिया गेट, चादँनी चौक, चौमखीपुल, घास बाजार व माणकचौक क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की दुकानों को त्रिवैणी मैला ग्राउन्ड में स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। इसी प्रकार तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पिपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड, बाजना बस स्टेण्ड क्षैत्रों की सब्जियों की दुकानों को बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमतृ सागर तालाब की पाल किनारे स्थानांतरित करने, टीआईटी रोड, रोटरी क्लब के पास, कांवेन्ट तिराहा से फव्वारा चोक तक, डाट की पुलिया, पेलैस रोड क्षैत्र की सब्जी दुकानों को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानातंरित करने, राम मंदिर चौराहा, कस्तुरबा नगर, गुजरात स्वीट्स वाली रोड एवं सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगी हुई सब्जी दुकाने बाल सम्प्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेडी एवं जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने जवाहर नगर बी कोलोनी रोड के सामने वाले मैदान मे स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। सैलाना बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मंडी के भवन का एक हिस्सा जो सुलभ काम्पलेक्स के पीछे व पोस्ट आफीस से लगा हुआ है उक्त जर्जर हो चुके हिस्से को दो या तीन मंजिला रिटेल सब्जी मडी में परिवर्तित करने पर भी बैठक में विचार किया गया। बैठक में बताया गया कि शहर में यातायात के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गों की योजना बनाई गई है। जिसके अंतर्गत एकांगी मार्ग क्रमांक 1 पर सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी की ओर रहेगा। सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

इसी प्रकार एकांकी मार्ग क्रमांक 2 पर भी सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश चौमुखी पुल से गणेश देवरी की ओर रहेगा जो कि रानी जी के मंदिर की ओर जा सकेंगे। लेकिन सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। एकांगी मार्ग क्रमांक 3 के तहत सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी बाजार से घास बाजार की ओर रहेगा। ये सभी वाहन घास बाजार की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। एकांगी मार्ग क्रमांक 5 के तहत सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश लोकेन्द्र टॉकीज से सैलाना बस स्टैंड की ओर रहेगा। ये सभी वाहन सैलाना बस स्टैंड की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे साथ ही सभी चार पहिया वाहन जो सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज आना चाहते हैं उन्हें शहीद चौक तक अपने वाहन को ले जाकर डिवाइडर क्रॉस करके ही आने की अनुमति होगी।

बताया गया कि सब्जी की दुकानों तथा एकांगी मार्गो संबंधी योजना के क्रियान्वयन के पूर्व 7 दिवस का ट्रायल पीरियड रखा जाएगा। इसके बाद प्लान पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। शहर में दुकानों के सामने मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सचेत करने हेतु सभी व्यापारी संगठनों के अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे दुकानदारों को समझाईश दे जिससे कि यातायात अवरुद्ध नहीं हो। इसी प्रकार शहर में आने वाले समस्त भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी। समस्त व्यापारी संगठनों तथा आमजन से शहर में यातायात तथा पार्किंग व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु सुझाव आमंत्रित भी किए गए। प्राप्त व्यावहारिक सुझावों पर अमल किया जाएगा। यदि आमजन कोई भी सुझाव देना चाहे या समस्या बताना चाहे तो शहर यातायात प्रभारी के व्हाट्सएप नंबर-7049127318 तथा यातायात डीएसपी के व्हाट्सएप नंबर-7049127295 पर दे सकते है।

स्वतंत्र लेखान २२/११/२१

# सफाई संरक्षकों का सम्मान



नगर निगम परिसर मे सम्मान करते हुए उपायुक्त विकास सोलंकी आदि। ● नईदुनिया

**रतलाम।** नगर निगम के तत्वावधान में सम्मान समारोह हुआ। इसमें स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर एक से 10 लाख व उससे अधिक आबादी वाले शहरों में 42वां व प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त करने पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

उपायुक्त विकास सोलंकी ने कहा कि अब हमें अगले साल 2022 में रतलाम शहर को नंबर वन बनाकर पूरे देश में झंडा फहराने की तैयारी करना है। नगर निगम परिसर में रविवार को वर्ष 2021 में मिली उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग के सभी दरोगा, सफाई संरक्षक, ड्राइवर्स, हेल्पर्स, प्रत्येक वार्ड से एक-एक उत्कृष्ट सफाई मित्र, सभी जोनल प्रभारी का सम्मान किया गया। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, कर्मचारी नेता राम कल्याणे, कमल भाटी, कार्यालय अधीक्षक रामचंद्र शर्मा, निज सहायक सुभाष गोयल आदि उपस्थित रहे। संचालन कमल भाटी ने किया। आभार सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने माना।

**समारोह**

- नगर निगम के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित हुआ
- स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में देशभर में 42 वां स्थान प्राप्त हुआ है

नईदुनिया २२/११/२१

**कॉलोनियों की खेती** • 9 से ज्यादा सर्वे नंबर की 0.870 हेक्टेयर जमीन जांच के घेरे में

# विरियाखेड़ी क्षेत्र में भी हैं अवैध कॉलोनियां जयंतसेन धाम के पास बनी सड़क उखाड़ेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई जारी है। बजरंग नगर, कनेरी रोड, धोलावड़ रोड, अशोकनगर के बाद अब उसे विरियाखेड़ी इलाके में अवैध कॉलोनियां मिली हैं। भूमाफिया ने इनका बिना डायवर्शन कराए प्लॉट काटकर बेचना शुरू कर दिए हैं।

राजस्व विभाग सर्वे कर रिपोर्ट नगर निगम को दे चुका है। निगम अपने स्तर पर जांच करा रहा है। हालांकि इनमें से किसी जमीन पर कोई निर्माण नहीं हुआ है। इसी वजह से निगम नोटिस देकर जमीन मालिकों से दस्तावेज मंगाएगा। उधर सागोद रोड स्थित जयंतसेन धाम मंदिर के पास बिना अनुमति बनाई सीमेंट कांक्रीट सड़क पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। कॉलोनी सेल के नोटिस पर जमीन मालिक ने रिकॉर्ड पेश किया है। इसमें सीसी सड़क की अनुमति नहीं है। प्रशासन इसके आसपास बड़े भूखंडों वाली कॉलोनी और उन पर बने कॉटेज और बंगलों की जांच करा रहा है। इस मामले में जल्द बड़ी कार्रवाई संभव है।

## सड़क खेतलपुर तो बड़े भूखंडों वाली कॉलोनियां बिबडौद पंचायत के इलाके में



जयंतसेन धाम मंदिर के पास बिना सक्षम अनुमति के बनाई सड़क, जिसे अब तक नहीं तोड़ा जा सका है।

दरअसल सागोद रोड स्थित जयंत सेन धाम मंदिर के पास से होकर भूमाफिया ने अवैध रूप से बगैर सक्षम स्वीकृति के बाजना फोरलेन से जोड़कर अंदर तरफ 650 मीटर की सीसी रोड बना डाली थी। इसे लेकर कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल ने मेसर्स पार्श्वनाथ डेवलपर्स और उसके भागीदार पवन पिता पारसमल पिरोदिया, किरण पति कमल पिरोदिया, महेंद्र पिता बसंतीलाल पिरोदिया व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इसी अवैध रूप से बनाई सड़क को मुख्य प्रवेश मार्ग बताते हुए कछ जमीन मालिकों ने जयंतसेन धाम मंदिर के आसपास बड़े भूखंडो वाली कॉलोनी काट दी है। मोटा मुनाफा कमाकर कॉलोनाइजर द्वारा बेचे कॉटेज में कई लोगों ने बंगले बना लिए हैं। इन पर कार्रवाई में कुछ समय लग सकता है, क्योंकि बिना परमिशन बनी सीसी सड़क खेतलपुर में है तो, उस सड़क के भरोसे पर काटी गई बड़े भूखंडों वाली कॉलोनियों बिबड़ौद पंचायत में आती है। अधिकांश निर्माण बड़े रसूखदारों ने कर रखे हैं। इसलिए सरकारी अमला मजबूती से कदम उठा रहा है ताकि उसकी कार्रवाई पर सवाल खड़े न किए जा सके।

### विरियाखेड़ी क्षेत्र में ये जांच के घेरे में

सर्वे 129/53/1, 2, 3, 4, 5 व अन्य, 140/4, 150/18/2/1, 150/18/2/2 की मिलाकर 0.870 हेक्टेयर जमीन, इनका डायवर्शन नहीं हुआ है।

### इन इलाकों में कट रहीं अवैध कॉलोनियां

- करमदी रोड
- होमगार्ड कॉलोनी रोड
- माहेश्वरी प्रोटीन रोड
- बंजली
- धोलावड़ रोड
- डेलनपुर
- खाचरौद रोड
- मांगरोल फंटा
- त्रिवेणी रोड

### अब तक कार्रवाई

- 2 अक्टूबर को ऊंकाला रोड, बजरंग नगर, अर्जुननगर की चार कॉलोनियों पर
- 11 नवंबर को कनेरी रोड पर एक बड़ी अवैध कॉलोनी में बने कटिज व सीसी सड़क को तोड़ा
- 12 नवंबर को कनेरी रोड की दो अवैध कॉलोनियों की सीसी सड़क, बिजली के पोल व अन्य निर्माण हटाया
- 13 नवंबर को धोलावड़ रोड की एक जमीन पर बिना अनुमति बनी सीसी रोड और बाउंड्रीवाल जमींदोज की।
- 18 नवंबर को अशोक नगर ग्रीन सिटी के पी... दो अवैध कॉलोनियों में बनी सीसी सड़क ... दीवार हटाई।

आभार

दै. भास्कर २२/११/२१

**ट्रैफिक** • सुबह 9 बजे बाद भारी वाहन शहर में दिखा तो चालान, रात में ऑटो-मैजिक ज्यादा किराया नहीं ले सकें

# शहर का ट्रैफिक प्लान : शहरवासियों ने कहा- सब्जी वालों के लि ओटले बनाएं, किसी ने राम मंदिर के आसपास मंडी की जगह बता

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के ट्रैफिक सुधारने को लेकर शहरवासियों के सुझाव आ रहे हैं। एक दिन पहले पुलिस ने अपना नंबर देकर सुझाव मांगे थे, इन नंबर पर रविवार को कई शहरवासियों ने सुझाव दिए हैं। कुछ ने सब्जी वालों के लिए ओटले बनाने तो किसी ने मंडी के लिए शहर में अन्य खाली जगहों के बारे में बताया।

इधर, पुलिस शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध की तैयारी है, ताकि बाजार में ट्रैफिक बाधित ना हो। सुबह 9 से रात 9 बजे तक प्रतिबंध रहेगा, इसमें यदि कोई भारी वाहन दिखता है तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।

इधर, पुलिस को शिकायतें मिल रही थी कि रात में ऑटो और मैजिक चालक ज्यादा किराया वसूल रहे हैं, ऐसे में इनकी यूनियन को तय दर से ज्यादा राशि नहीं लेने के संबंध में कहा है। आमजन ट्रैफिक प्रभारी के वाट्सअप नं. 7049127318 और उपपुलिस अधीक्षक यातायात के वाट्सअप नं. 7049127295 पर सुझाव दे सकते हैं।

भास्कर

## ये सुझाव मिले... जवाहर नगर के वन विभाग के ग्राउंड में लगे मंडी

- नीलेश बोराना ने सुझाव दिया कि राम मंदिर की सब्जी मंडी को वन विभाग कैंपस के पास स्वामी विवेकानंद ग्राउंड में लगाया जा सकता है। इससे वहां सब्जी मंडी के साथ पार्किंग की व्यवस्था भी हल हो सकती है। सभी मार्गों से कनेक्टिविटी है।
- एक अन्य व्यक्ति ने कहा चौमुखीपुल से चांदनीचौक, तोपखाना, नीमचौक, हरदेवलाला की पीपली, रानीजी का मंदिर, डालूमोदी बाजार, घास बाजार में सिर्फ दो पहिया को ही जाने दिया जाए। रिक्शा और फोर व्हीलर बंद हो।
- देवानंद खत्री ने कहा मौजूदा ट्रैफिक प्लान अच्छा है, लेकिन इसे सख्ती से लागू करने की जरूरत है। अभी यातायात अव्यवस्थित है।
- अनिल पेंडसे ने सुझाया पहले मैदानों को जेसीबी से समतल करें, बैठक के लिए 2-3 फीट ऊंचे ओटले सीधी लाइन में बनें, अन्य स्थान पर सब्जी-फल नहीं बिकना चाहिए।
- बोहरा कब्रिस्तान के सामने खाली भूमि पर भी पक्की सब्जी मंडी की योजना बनाई जा सकती है।
- जवाहर नगर के ऑइल डिपो के पुराने भवन के सामने व्यवस्था की जा सकती है।
- रेलवे कॉलोनी के लोगों के लिए कॉलोनी के अंदर मैदान के पास सब्जी विक्रय की सुविधा हो।

## सुझाव को गंभीरता से ले रहे हैं

*शहरवासियों के सुझाव हमें लगातार मिल रहे हैं। सभी सुझाव को गंभीरता से लिया जाएगा, फील्ड पर संभावनाओं को देखा जाएगा। शहर का ट्रैफिक सुधारन हमारी प्राथमिकता में है।*

**मोनिका सिंह,**
ट्रैफिक प्रभारी

दै.भास्कर २२/११/२१

# शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन ने कार्य योजना बनाई

## सात दिन के ट्रायल के बाद योजना को मूर्तरूप दिया जाएगा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी सहित अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सब्जी विक्रेताओं को वर्तमान स्थान से हटाने, एकांगी मार्ग निर्धारित करने, भारी वाहनों के प्रवेश प्रात: 9 से रात 9 बजे तक प्रतिबंधित करने सहित अनेक निर्णय लिए गए। इस योजना के क्रियान्वयन के पूर्व सात दिवस की समयावधि रखी गई है, तत्पश्चात अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### सड़क पर सब्जी बेचने वालों को अब दूर जाना होगा

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लेते हुए कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण शहर में रोड़ मार्किंग की जाए, इसके पश्चात दुकानदारों को तीन दिन की चेतावनी दी जाएगी । समयसीमा पश्चात मार्किंग से बाहर वाहन पाए जाने पर वाहन जप्ती और चालानी कार्रवाई की जाएगी। बस,आटो, मैजिक स्टेण्ड निर्धारण , सिंग्नल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं रोड़ मार्किंग पर चर्चा की गई ।

**त्रिवेणी मेला ग्राउंड पर शिफ्ट होगी सब्जी व फल की दुकानें-** जगह-जगह लगी सब्जी और फल की दुकानों की एक निश्चित स्थान पर शिफ्ट करने की योजना बनाई जा रही है। इसी योजना के तहत त्रिपोलिया गेट, चांदनीचौक, चौमुखीपुल, घास बाजार, माणकचौक क्षेत्र में लगी सब्जियों की दुकानों को त्रिवेणी मैला ग्राउंड पर स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है।

**बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमृत सागर पाल किनारे शिफ्ट होगी दुकानें-** इसी प्रकार तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेवलाल पीपली, नीमचौक, लौहार रोड़, शहर सराय, सागोद रोड़, बाजना बस स्टेण्ड क्षेत्र की सब्जियों की दुकानों को बोहरा कब्रिस्तान के सामने ·शाला रोड एवं अमृतसागर तालाब की पाल के किनारे स्थानांतरित की जाएगी।

**पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में शिफ्ट होगी-** टीआईटी रोड़, रोटरी क्लब के पास , कान्वेंट तिराहे से फव्वारा चौक तक, डाट की पुलिया, पैलेस रोड़ क्षेत्र की सब्जी की दुकानों को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानांतरित की जाएगी।

**पटरी पार की सब्जी दुकानें शिफ्ट होगी-** पटरी पार के क्षेत्र राममंदिर, कस्तुरबा नगर, गुजराती स्वीट्स वाली रोड़ एवं सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगी हुई सब्जी की दुकानें बाल सम्प्रेक्षण के सामने, चिरियाखेड़ी एवं जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने, जवाहर नगर बी. कालोनी के पास वाले मैदान में स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है।

**तीन मंजिला रिटेल सब्जी मंडी में परिवर्तन करने पर विचार** - सैलाना बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मंडी के भवन का एक हिस्सा जो सुलभ काम्पलेक्स के पीछे व पोस्ट आफिस से लगा हुआ है उक्त जर्जर हो चुके हिस्से को दो या तीन मंजिला रिटेल सब्जी मडी में परिवर्तित करने पर भी बैठक में विचार किया गया।

**व्यापारी संगठनों को निर्देश-** शहर में दुकानों के सामने मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को संचेत करने हेतु सभी व्यापारी संगठनों वे अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि व दुकानदारों को समझाईश दे जिससे वि यातायात अवरुद्ध नहीं हो। इसी प्रका शहर में आने वाले समस्त भारी वाहनों क प्रवेश प्रात: 9:00 बजे से रात्रि 9:00 ब तक प्रतिबंधित रहेगा अन्यथा चालान कार्रवाई की जाएगी। समस्त व्यापार संगठनों तथा आमजन से शहर में यातया तथा पार्किंग व्यवस्था के सुचारू रूप र संचालन हेतु सुझाव आमंत्रित भी कि गए। प्राप्त व्यावहारिक सुझावों पर अमर किया जाएगा।

**सुझाव हेतु संपर्क** - यदि आमज कोई भी सुझाव देना चाहे या समस्या बता चाहे तो शहर यातायात प्रभारी के व्हाट्सए नंबर-7049127318 तथा यातया डीएसपी के व्हाट्सएप नंबर 7049127295 पर दे सकते है।

बैठक के जारी प्रेसनोट अधिकारियों के ही नाम थे। ना तो को जनप्रतिनिधि का नाम है और ना श शासकीय सदस्यों का। जबकि पूर्व बैठकं में अशासकीय सदस्य, जनप्रतिनिधि मैजिक रिक्शा यूनियन के प्रतिनिधि व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुआ करते थे, लेकिन अब यह समिति भं अधिकारियों के ही भरोसे है, जिनक निर्णय ही सर्वोपरी होता है। स्वदेश





### बीच शहर में बनाए जाएंगे एकांगी मार्ग

बैठक में बताया गया कि शहर में यातायात के सुचारु संचालन हेतु एकांगी मार्गों की योजना बनाई गई है। जिसके अंतर्गत एकांगी मार्ग क्रमांक 1 पर सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डलूमोदी बाजार, गणेश देवरी की ओर रहेगा। सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। इसी प्रकार एकांकी मार्ग क्रमांक 2 पर भी सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश चौमुखी पुल से गणेश देवरी की और रहेगा जो कि रानी जी के मंदिर की ओर जा सकेंगे। लेकिन सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। एकांगी मार्ग क्रमांक 3 के तहत सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डलूमोदी बाजार से घास बाजार की ओर रहेगा। ये सभी वाहन घास बाजार की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। एकांगी मार्ग क्रमांक 5 के तहत सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश लोकेन्द्र टॉकीज से सैलाना बस स्टैंड की ओर रहेगा। ये सभी वाहन सैलाना बस स्टैंड की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे साथ ही सभी चार पहिया वाहन जो सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज आना चाहते हैं उन्हें शहीद चौक तक अपने वाहन को ले जाकर डिवाइडर क्रॉस करके ही आने की अनुमति होगी।

स्वदेश 22/11/21

# वैक्सीनेशन : शहर को 100% वैक्सीनेटेड करने पर जोर

## बाजना में अभी पहला डोज ही 74 प्रतिशत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में वैक्सीनेशन सोमवार से फिर रफ्तार पकड़ेगा। कलेक्टर का फोकस शहर को 100% वैक्सीनेटेड करने पर है, सैलाना और बाजना में पिछड़ा वैक्सीनेशन चिंता का विषय है।



जिले में दो दिन से वैक्सीनेशन की रफ्तार सुस्त है, सोमवार से दोबारा तेज होगी। अब तक सबसे अच्छा वैक्सीनेशन शहर में हुआ है । यहां पहला डोज 104.88% तो दूसरा डोज 79.81% हो गया है। दूसरे डोज को 100% तक लाने की तैयारी है। जिले के सैलाना और बाजना की स्थिति खराब है। बाजना में 73.99% लोगों को पहला डोज ही लग सका है । इनमें से 43.36% लोग ऐसे हैं जिन्होंने दूसरा टीका लगवाया है। सैलाना में पहला डोज तो 97.80% को लग गया है, दूसरा डोज लगवाने वाले 40.38% लोग है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम कम वैक्सीनेशन को लेकर सैलाना और बाजना के अधिकारियों को चेतावनी दे चुके हैं।

### शहर में 27 हजार लोग पेंडिंग, आलोट में सबसे ज्यादा

इधर, शहर में अभी 27 हजार लोगों को दूसरा टीका लगना बाकी है। सबसे ज्यादा दूसरा टीका रतलाम ग्रामीण में 45 हजार लोगों को लगना है। इसके बाद आलोट में 43 हजार लोगों की पेंडेंसी हो चुकी है। सबसे कम पिपलौदा में 14 हजार लोगों को वैक्सीन लगना बाकी है।

## आज शहर में 22 स्थानों पर लगेगी वैक्सीन

रतलाम | जिले में सोमवार को 22 स्थानों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। गांधीनगर स्थित कम्यूनिटी हॉल, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, विरियाखेड़ी रेडक्रॉस भवन, जवाहर नगर कम्यूनिटी हॉल, सुभाषनगर मांगलिक भवन, गोशाला रोड आईएमए हॉल, सागोद रोड स्थित काश्यप सभागृह, दीनदयाल नगर स्थित राधाकृष्णन स्कूल, मोतीनगर प्राथमिक स्कूल, कसारा बाजार स्थित माहेश्वरी धर्मशाला, शेरानीपुरा जमातखाना, अनाज मंडी महू रोड, घटला रेलवे अस्पताल, कालिका माता धर्मशाला, एमसीएच, कुरैशी मंडी, जिला अस्पताल, सब्जी मंडी सैलाना बस स्टैंड में टीके लगाए जाएंगे।

दै. भास्कर 22/11/21

# जर्जर नाले की नहीं ले रहे सुध, हो सकता है बड़ा हादसा



रतलाम(आरएनएन)। हॉट रोड़ स्थित मदार मार्केट के समीप बना नाला जर्जर हो चुका है। करीब 7 माह पहले इस नाले का एक हिस्सा टूट गया था, लेकिन जिम्मेदार निगम के अधिकारियों ने अभी तक इसकी रिपेयरिंग नहीं करवाई। वही साफ-सफाई के अभाव में आसपास के दुकानदारों को बदबू का सामना करना प्रड़ता है कोई भी सफाई कर्मचारी यहां पर साफ सफाई नहीं करता है। इस जर्जर नाले पर अगर किसी जिम्मेदार अधिकारी ने ध्यान नही दिया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं यहां के दुकानदारों का कहना है कि हमने कई बार निगम के अधिकारियों को बता दिया है, लेकिन वो इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है, इस नाले में बारिश के समय में एक बच्चा भी गिर गया था। २१७

राज एक्सप्रेस २२/११/२१

# नवंबर में अब तक नहीं मिला डेंगू का नया मरीज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में डेंगू का प्रकोप थम गया है। अस्पतालों में नए मरीजों की संख्या में आई गिरावट आई है और एलाइजा किट जांच में नवंबर माह में अब तक नया मामला नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी डेंगू के मामलों में कमी बनी रहेगी। इसका कारण यह है कि अब मौसम में परिवर्तन हो रहा है, ठंड बढ़ने मच्छरों की ब्रीडिंग भी अब कम हो रही है। हालांकि अभी भी काफी सावधानी बरतने की जरूरत है।

जिला अस्पताल सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि पिछले 21 दिनों से अस्पताल की ओपीडी में डेंगू के मामलों में कमी आई है। नए रोगी काफी कम भर्ती हो रहे हैं। पुराने मरीजों का इलाज चल रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जिले में इस साल अब तक डेंगू के 412 मामले आ चुके हैं, जो साल 2015 के बाद सबसे अधिक है।

जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद प्रजापति ने बताया कि इस साल अब तक एलाइज़ा किट जांच में डेंगू के 412 मामलों की पुष्टि की गई है, इनमें सर्वाधिक 239 पुरुष हैं। साथ ही 172 महिलाएं और 77 बच्चे प्रभावित हुए हैं। सात सालों में इस साल सबसे अधिक मामले मिले और बच्चों पर भी सर्वाधिक प्रभाव रहा।

### जिले में सात साल की स्थिति

| साल | डेंगू के मामले |
|---|---|
| 2015 | 70 |
| 2016 | 32 |
| 2017 | 34 |
| 2018 | 242 |
| 2019 | 162 |
| 2020 | 42 |
| 2021- 412 | |

### इस साल अब तक की स्थिति

| माह | डेंगू के मामले |
|---|---|
| जनवरी | 03 |
| फरवरी | 00 |
| मार्च | 00 |
| अप्रैल | 01 |
| मई | 00 |
| जून | 25 |
| जुलाई | 68 |
| अगस्त | 163 |
| सितंबर | 123 |
| अक्टूबर | 29 |
| नवंबर | 00 |

नईदुनिया २२/११/२१

## 1.47 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार व रविवार को 1.47 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 59650, ट्रैक्टर-ट्राली से 23695, काम्पेक्टर सूखा कचरा 32420, काम्पेक्टर गीला कचरा 31840 कुल 147605 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## 4600 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

**रतलाम।** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। अब तक 4600 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

[illegible] २२/११/२१

# नगर निगम सम्पूर्ण शहर में रोड़ मार्किंग करेगा

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गत दिवस सम्पन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरूषोतम द्वारा नगर निगम को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण शहर में रोड मार्किंग की जाए इसके पश्चात दकुनदारो को तीन दिवस की चेतावनी दी जावेगी समय सीमा पश्चात रोड मार्किंग से बाहर वाहन पाये जाने पर चालानी कार्यवाही एवं वाहन जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण अनुराग सिंह, सीएसपी हेमंत चौहान, जिला परिवहन अधिकारी दीपक मांझी, व्यापारी संगठनो के अध्यक्ष अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में रतलाम शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गो के निर्धारण, बस, ऑटो, मेजिक स्टैंड निर्धारण, सिग्नल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं रोड मार्किंग पर चर्चा की गई।

बताया गया कि सम्पूर्ण शहर में सब्जी एवं फल की दुकानो को एक निश्चित स्थान पर शिफ्ट करने हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है, जिसके तहत त्रिपोलिया गेट, चांदनी चौक, चौमखीपुल, घास बाजार व माणकचौक क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की दुकानों को त्रिवैणी मेला ग्राउन्ड में स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। इसी प्रकार तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पिपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड, बाजना बस स्टेण्ड क्षैत्रों की सब्जियों की दुकानों को बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमृत सागर तालाब की पाल किनारे स्थानांतरित करने, टीआईटी रोड, रोटरी क्लब के पास, कांवेन्ट तिराहा से फव्वारा चोक तक, डाट की पुलिया, पेलैस रोड क्षैत्र की सब्जी दुकानों को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानातंरित करने, राम मंदिर चौराहा, कस्तुरबा नगर, गुजरात स्वीट्स वाली रोड एवं सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगी हुई सब्जी दुकाने बाल सम्प्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेडी एवं जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने जवाहर नगर बी कोलोनी रोड के सामने वाले मैदान मे स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है।

सैलाना बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मंडी के भवन का एक हिस्सा जो सुलभ काम्पलेक्स के पीछे व पोस्ट आफीस से लगा हुआ है उक्त जर्जर हो चुके हिस्से को दो या तीन मंजिला रिटेल सब्जी मंडी में परिवर्तित करने पर भी बैठक में विचार किया गया।

बैठक में बताया गया कि शहर में यातायात के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गो की योजना बनाई गई है। जिसके अंतर्गत एकांगी मार्ग क्रमांक 1 पर सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डांलूमोदी बाजार, गणेश देवरी की ओर रहेगा। सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

इसी प्रकार एकांकी मार्ग क्रमांक 2 पर भी सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश चौमुखी पुल से गणेश देवरी की ओर रहेगा जो कि रानी जी के मंदिर की ओर जा सकेंगे। लेकिन सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। एकांगी मार्ग क्रमांक 3 के तहत सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी बाजार से घास बाजार की ओर रहेगा।

ये सभी वाहन घास बाजार की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। एकांगी मार्ग क्रमांक 5 के तहत सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश लोकेन्द्र टॉकीज से सैलाना बस स्टैंड की ओर रहेगा। ये सभी वाहन सैलाना बस स्टैंड की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे साथ ही सभी चार पहिया वाहन जो सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज आना चाहते है उन्हें शहीद चौक तक अपने वाहन को ले जाकर डिवाइडर क्रॉस करके ही आने की अनुमति होगी।

बताया गया कि सब्जी की दुकानों तथा एकांगी मार्गो संबंधी योजना के क्रियान्वयन के पूर्व 7 दिवस का ट्रायल पीरियड रखा जाएगा। इसके बाद प्लान पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। शहर में दुकानों के सामने मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सचेत करने हेतु सभी व्यापारी संगठनों के अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे दुकानदारों को समझाईश दे जिससे कि यातायात अवरुद्ध नहीं हो।

इसी प्रकार शहर में आने वाले समस्त भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी। समस्त व्यापारी संगठनों तथा आमजन से शहर में यातायात तथा पार्किंग व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु सुझाव आमंत्रित भी किए गए।

प्राप्त व्यावहारिक सुझावों पर अमल किया जाएगा। यदि आमजन कोई भी सुझाव देना चाहे या समस्या बताना चाहे तो शहर यातायात प्रभारी के व्हाट्सएप नंबर-7049127318 तथा यातायात डीएसपी के व्हाट्सएप नंबर-7049127295 पर दे सकते है।

प्रसारण

प्रसारण २२/११/२१

# रतलाम को मिली राज्य में 10वीं रैंक

**रतलाम ●** भारत सरकार के आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा 20 नवम्बर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के घोषित किये गये। नतीजों में नगर निगम रतलाम ने गोल्ड हासिल किया । वहीं स्वच्छता में 1 से 10 लाख व उससे अधिक आबादी वाले शहरों में नगर निगम रतलाम ने 42 वीं नेशनल रैंकिंग तथा पूरे राज्य में 10 वीं रेंक प्राप्त करने पर नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी, नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने इस उपलब्धि पर शहरवासियों को बधाई दी तथा अपेक्षा की कि 2022 में सबको मिलकर रतलाम को नंबर-1 बनाना है। फायर ब्रिगेड परिसर में अपरांह पश्चात उपायुक्त विकास सोलंकी ने स्वास्थ्य विभाग के सभी दरोगा, ड्रायवर्स, हेल्पर्स, प्रत्येक वार्ड से 1-1 उत्कृष्ट सफाई मित्र, सभी जोनल प्रभारी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मानकर्ताओं को पारितोषिक प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

स्वदेश

स्वदेश २२/११/२१